अकबरनगर में बनेगा कार्गो टर्मनिल

चर्चा में क्यों?

7 दसिंबर, 2022 को केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनिी वैष्णव ने बताया कि बिहार के भागलपुर के अकबरनगर में कार्गो टर्मनिल बनाया जाएगा।

प्रमुख बदिु

- केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि अकबरनगर में बनने वाले कार्गो टर्मनिल को मालदा मंडल रेल प्रबंधक विकास चौबे के नेतृत्व में बनाया जाएगा, जिसे वर्ष 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है।
- विदिति है कि पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में एक ऐसा ही टर्मनिल गोड्डा में चालू किया गया है।
- रेल मंत्री ने बताया कि भारतीय रेलवे अगले तीन वर्षों में दर्जनों कार्गो टर्मनिल की स्थापना करेगा। 22 कार्गो टर्मनिल पहले ही शुरू किये जा चुके हैं, जबकि ऐसे टर्मनिलों के विकास के लिये 125 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 79 को सैद्धांतिक मंज़ूरी दी जा चुकी है।
- रेलवे ने प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिये भारतीय खाद्य निगम के लिये टर्मनिल के निर्माण हेतु बिहार लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड को सैद्धांतिक मंज़ूरी दे दी है।
- इस कार्गो टर्मनिल में साइलो टाइप कंटेनरों का उपयोग किया जाएगा। साइलो को मूल रूप से अनाज और अन्य सामग्री को स्टोर करने के लिये डिजाइन किया गया है। भारत में इस प्रकार के भंडारण का प्रयोग कम ही होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cargo-terminal-1